पंजाब केसरी 08/01/2025

छात्रों ने अलायंस विजन समर इंटर्नशिप प्रोग्राम में हासिल की बड़ी उपलब्धि

» जी.एम.एन. कॉलेज के 7 छात्रों को वेतनभोगी इंटर्नशिप के लिए चुना गया

अम्बाला, 7 जनवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के सात छात्रों का चयन प्रतिष्ठित अलायंस विजन समर इंटर्नशिप प्रोग्राम में हुआ है। इस प्रोग्राम में कुल 52 छात्रों ने भाग लिया था। जिनमें से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद सात छात्रों को वेतनभोगी इंटर्नशिप के लिए चुना गया। चयनित छात्रों को उनकी भूमिका और प्रदर्शन के आधार पर 10 हजार से 15 हजार प्रति माह तक का स्टाइफंड मिलेगा। चयनित हुए छात्र-छात्राओं में भावी शर्मा एम.बी.ए., खुशी एम.बी.ए, मनीषा खुराना बी.बी.ए, मयंक शर्मा बी.बी.ए., मोहिनी वर्मा बी.बी.ए, पलक राजपूत बी.बी.ए व सजल यादव बी.बी.ए शामिल है।

डा. भारती सुजान, जो कॉलेज की करियर रिसोर्स कमेटी सी.आर.सी. की संयोजक हैं, ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के लिए यह गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमने अपने छात्रों के लिए कई करियर आधारित कार्यशालाएं और ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए हैं, जो उनके कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक रहे।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों के चयन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे कॉलेज के छात्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। मैं सी.आर.सी. कमेटी के प्रयासों की सराहना करता हूं और चयनित छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। हमारा प्रयास है कि कॉलेज के छात्रों को ऐसे और भी अवसर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपने करियर में और आगे बढ़ सकें।

इसके लिए हमने आई.टी. और अन्य क्षेत्रों की कई नामी कम्पनियों को कॉलेज में आमंत्रित किया है। सी.आर.सी. की ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर टी.पी.ओ., सहायक प्राध्यापिका कमलप्रीत कौर ने बताया कि चयनित छात्रों को उनके ऑफर लैटर भेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे छात्रों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

इस अवसर पर सी.आर.सी. समिति के सभी सदस्यों और कॉलेज के स्टाफ ने भी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कॉलेज में चल रहे प्रयास

बता दें कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। कॉलेज में करियर-निर्देशित गतिविधियों जैसे कि कार्यशालाओं, सैमीनारों और साक्षात्कार की तैयारी के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया जाता है। अलायंस विजन जैसी बड़ी कम्पनियों को आमंत्रित कर कॉलेज छात्रों को उनकी क्षमता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराता है।